भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4345
उत्तर देने की तारीख 02 अप्रैल, 2026

उत्तराखंड में डाकघरों का आधुनिकीकरण

4345. श्री महेंद्र भट्ट :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार उत्तराखंड के सुदूर पहाड़ी क्षेत्रों में डाकघरों और डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए किसी नई पहल पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) जी, हां।

(ख) विवरण निम्नवत है :-

i. सरकार ने वर्ष 2022-23 से आठ वर्ष की अवधि के लिए 5785 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ डाक विभाग की आईटी आधुनिकीकरण परियोजना 2.0 को अनुमोदन प्रदान किया है। उक्त परियोजना के अंतर्गत, विभाग ने नया 'उन्नत डाक प्रौद्योगिकी' (एपीटी) प्लेटफॉर्म शुरु किया है। देश में ही निर्मित इस क्लॉउड आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म को डाक प्रौदयोगिकी उत्कृष्टता केंद्र (सीईपीटी) द्वारा इन-हाउस विकसित किया गया है और यह मेघराज 2.0 क्लॉउड में होस्ट किया गया है। 4 अगस्त, 2025 को देशव्यापी स्तर पर रॉलआउट किया गया यह एपीटी प्लेटफॉर्म तीव्र और स्केलेबल है, जो इसे ग्राहकों की बढ़ती हुई आशाओं एवं अपेक्षाओं को पूरा करने में समर्थ बनाता है। इसके अंतर्गत उत्तराखंड सर्कल सहित सभी 23 डाक सर्कलों के लगभग 1.70 लाख कार्यालय इंटीग्रेट किए गए हैं।

ii. उक्त परियोजना के अंतर्गत, उत्तराखंड सर्कल के सभी शाखा डाकघरों को एंड्राइड स्मार्टफोनों से लैस किया गया है। सेवा डिलीवरी को सुदृढ़ बनाने, बेहतर कनेक्टिविटी तथा क्यूआर कोड आधारित भुगतान प्रणाली के माध्यम से दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में उपयोगकर्ताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करने हेतु इन स्मार्टफोनों में इन-हाउस 'डिजिटल रुरल एंटरप्राइज एप्लीकेशन फॉर मोबाइल (ड्रीम) ऐप इन्स्टॉल किया गया है।

iii. इसके अलावा, डाकघर बचत बैंक (पीओएसबी), कोर बैंकिंग सोल्यूशन (सीबीएस) प्लेटफॉर्म पर प्रचालनरत है। यह एटीएम, डीबीटी भुगतान, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एनईएफटी/आरटीजीएस, ई-पासबुक, और आईपीपीबी-पीओएसए लिंकेज के माध्यम से यूपीआई सेवाओं सहित आधुनिक डिजिटल सेवाएं प्रदान करता है। ये सेवाएं ग्रामीण डाकघरों के माध्यम से उत्तराखंड के दूरस्थ क्षेत्रों में भी पूरी तरह से उपलब्ध हैं।

iv. पांच किलोमीटर की दूरी के भीतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से पिछले तीन वर्ष में उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में 34 नये डाकघर खोले गए हैं **(सूची अनुबंध-I के रूप में संलग्न है)।**

v. पिछले तीन वर्ष में उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित निम्नलिखित तीन उप डाकघरों की अवसंचरना में सुधार कर उन्हें अपग्रेड किया गया है :-

क्र. सं.	**उप डाकघर का नाम**	**डिवीजन का नाम**	**वर्ष**
1.	देवलथाल	पिथौरागढ़	2023-24
2.	सुल्तानपुर	देहरादून	2024-25
3.	डुंडा	टिहरी	2025-26

vi. पिछले तीन वित्तीय वर्षों में उत्तराखंड के निम्नलिखित चार डाकघरों का, नये भवनों के निर्माण/मौजूदा भवनों के नवीनीकरण के माध्यम से आधुनिकीकरण किया गया है :-

क्र. सं.	**डाकघर का नाम**	**कार्य**	**व्यय (रुपए में)**	**वर्ष**
1.	नारायणबगड	छोटे डाकघर का निर्माण	28,98,942/-	2023-24
			36,03,924/-	2024-25
2.	रिखणीखाल	छोटे डाकघर का निर्माण	45,01,297/-	2024-25
			22,90,231/-	2025-26
		सौर उर्जा पैक की अवस्थापना	2,45,000/-	2025-26
3	मुनस्यारी	छोटे डाकघर का निर्माण	54,95,659/-	2024-25
			23,28,390/-	2025-26
4.	बद्रीनाथ	डाकघर भवन का नवीनीकरण	44,97,425/-	2025-26

*****

अनुबंध-I

दिनांक 02 अप्रैल, 2026 के राज्य सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 4345 के भाग (ख) (iv) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-I

क्र. सं.	डाकघर का नाम	एसओ/बीओ	डिवीजन	वर्ष
1	भंजरा	बीओ	देहरादून	2023-24
2	गरखेत	बीओ	अल्मोड़ा	2023-24
3	किस्तूर	बीओ	देहरादून	2023-24
4	छाजर हरताड	बीओ	देहरादून	2023-24
5	ईथाण	बीओ	देहरादून	2023-24
6	बनचिलर	बीओ	देहरादून	2023-24
7	अहमदपुर चिरिया	बीओ	देहरादून	2023-24
8	तिउताड	बीओ	देहरादून	2023-24
9	शहाबाजपुर	बीओ	नैनीताल	2023-24
10	टिकुरी	बीओ	नैनीताल	2023-24
11	खुबानी खास	बीओ	पौड़ी	2023-24
12	बुकुंडी	बीओ	पौड़ी	2023-24
13	पिंसवर	बीओ	टिहरी	2023-24
14	भुक्की	बीओ	टिहरी	2023-24
15	सालरा	बीओ	टिहरी	2023-24
16	सुल्तानपुर	एसओ	देहरादून	2024-25
17	कठघरिया	एसओ	नैनीताल	2024-25
18	खदरी खड़कमाफ	बीओ	देहरादून	2024-25
19	गर्ब्यांग	बीओ	पिथौरागढ़	2024-25
20	सुनपहर	बीओ	नैनीताल	2024-25
21	बडखेत मल्ला	बीओ	पौड़ी	2025-26
22	मठिया बाज	बीओ	पिथौरागढ़	2025-26
23	चुका	बीओ	पिथौरागढ़	2025-26
24	गोलडांडा	बीओ	पिथौरागढ़	2025-26
25	कुटी	बीओ	पिथौरागढ़	2025-26
26	सीपु	बीओ	पिथौरागढ़	2025-26
27	ककोड	बीओ	नैनीताल	2025-26
28	गौनियारौं	बीओ	नैनीताल	2025-26
29	थेपुर बजवाड	बीओ	अल्मोड़ा	2025-26
30	खसोंसी	बीओ	टिहरी	2025-26
31	नरसाखाल मटियालौर	बीओ	टिहरी	2025-26
32	सुखी	बीओ	चमोली	2025-26
33	द्रोणागिरी	बीओ	चमोली	2025-26
34	खिरोन	बीओ	चमोली	2025-26